अमर उजाला 08/09/2025

# विद्यार्थियों को बताया निवेश का महत्व



**अंबाला।** छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के सहयोग से एक दिवसीय निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का उद्घाटन वाणिज्य विभाग के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र कुमार की ओर से किया गया। सहायक प्रोफेसर जसमीता हांडा ने सत्र का प्रभावी ढंग से संचालन किया। जबकि सहायक प्रोफेसर रितिका ने तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में काम किया। वहीं, सेबी के जाने-माने प्रशिक्षक सुनील कुमार इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। उन्होंने निवेश के विभिन्न पहलुओं के बारे में छात्रों को जानकारी दी। संवाद